the pioneer
NEW DELHI I WEDNESDAY, FEBRUARY 17, 2016



# MoU signed

The Institute of Company Secretaries of India(ICSI) signed a memorandum of understanding (MOU) in collaboration with Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya (BPSMV), Khanpur Kalan, Haryana. The ICSI has recently introduced *ICSI Signature Award Scheme* under which the top rank holder in the BCom exams of selected universities across India would be bestowed with ICSI Signature Award.

The award comprises of a gold medal and a certificate from the institute. Besides, the top three rank holders will also be eligible for full waiver of registration fee for executive programme stage of CS course. Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya is the first Women University in North India that has come under the ICSI Signature Award Scheme.

Mamta Binani, president, ICSI stated that the MOU will help the cause of women empowerment as mandated by Companies Act, 2013 and would help them play an important role in the decision making process at the highest level. Manish Gupta, chairman, Northern India Regional Council of ICSI; Satish Kumar, chairman, Sonepat chapter, ICSI; and Prof Kavita Chakravarty, registrar, BPSMV; Prof Vimal Joshi, dean, faculty of laws, BPSMV; Prof Sanket Vij, faculty of management studies, BPSMV, and senior officials from ICSI and BPSMV were also present at the occasion.

जागरण सिटी सोनीपत | नई दिल्ली, 16 फरवरी 2016 | दैनिक जागरण

रोहतक, मंगलवार, 16 फरवरी 2016 | सोनीपत-भूमि | हरिभूमि

# छात्राओं को मिलेगा 14 कैरेट का गोल्ड

## सोने का तमगा देने वाला बीपीएस देश का पहला विश्वविद्यालय

हरिभूमि न्यूज. गोहाना

- कुलपति व कंपनी के सचिव ने किए एमओयू पर साइन

बीपीएस महिला विवि वाणिज्य संकाय में अव्वल स्थान प्राप्त छात्राओं को प्रशस्ति पत्र के साथ 14 कैरेट का गोल्ड मेडल भी प्रदान करेगा। इसके लिए विवि का सोमवार को इंस्टीच्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेट्रीज के साथ एमओयू भी साइन हुआ। ऐसे में बीपीएस महिला विवि अब अपनी छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान करने वाला देश का पहला विवि बन गया है। एमओयू पर विवि की कुलपति प्रो. आशा कादयान और इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेट्रीज के ज्वाइंट सेक्रेटरी एसके नागर ने हस्ताक्षर किए। प्रो. आशा ने बताया कि एमओयू के तहत विवि द्वारा वाणिज्य संकाय में पहले तीन स्थानों पर रहने वाली छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप दीक्षांत समारोह में प्रशस्ति पत्र के साथ 14 कैरेट का गोल्ड मेडल भी प्रदान किया जाएगा। यह कम्पनी विवि की छात्राओं को निःशुल्क प्रशिक्षण भी देगी। कम्पनी के ज्वाइंट सेक्रेटरी नागर के अनुसार छात्राओं को पहले गोल्ड मेडल किसी धातु का दिया जाता था। अब पहली बार उनको 14 कैरेट का गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। इस दिशा में कम्पनी 50 विश्वविद्यालयों के साथ करार करेगी। इस मौके पर विवि की रजिस्ट्रार प्रो. कविता चक्रवर्ती, प्रो. विमल जोशी, श्वेता हुड्डा, डा. संकेत विज और कम्पनी की ओर से चेयरमैन मनीष गुप्ता, डा. सतीश और अंकुर यादव मौजूद थे।



गोहाना। ओएमयू पर हस्ताक्षर करती कुलपति प्रो. आशा कादयान और ज्वाइंट सेक्रेटरी एसके नागर। फोटो: हरिभूमि

# विवि छात्राओं को देगा 14 कैरेट का गोल्ड मेडल

संवाद सहयोगी, खानपुर कलां: बीपीएस महिला विश्वविद्यालय (विवि) वाणिज्य संकाय में परीक्षाओं में अव्वल स्थान प्राप्त छात्राओं को प्रशस्ति पत्र के साथ 14 कैरेट का गोल्ड मेडल भी प्रदान करेगा। इसके लिए विवि का सोमवार को इंस्टीच्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेट्रीज के साथ एमओयू भी साइन हुआ। ऐसे में बीपीएस महिला विवि अब अपनी छात्राओं को असली गोल्ड मेडल प्रदान करने वाला देश का पहला विवि बन गया है। ओएमयू पर विवि की ओर से कुलपति प्रो. आशा कादयान और इंस्टीच्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेट्रीज की ओर से ज्वाइंट सेक्रेटरी एसके नागर ने हस्ताक्षर किए। प्रो. आशा कादयान ने बताया कि ओएमयू के तहत विवि द्वारा वाणिज्य संकाय में पहले तीन स्थानों पर रहने वाली छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप दीक्षांत समारोह में प्रशस्ति पत्र के साथ 14 कैरेट का गोल्ड मेडल भी प्रदान किया जाएगा। यह कम्पनी विवि की छात्राओं को निशुल्क प्रशिक्षण भी देगी। कम्पनी के अधिकारी नागर के अनुसार छात्राओं को पहले गोल्ड मेडल किसी धातु का दिया जाता था। अब पहली बार उनको 14 कैरेट का गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। इस दिशा में कम्पनी 50 विश्वविद्यालयों के साथ करार करेगी। बीपीएस महिला विवि महिला सशक्तिकरण की ओर लगातार अग्रसर है इसलिए यह करार पहले इसी विवि के साथ किया गया है। इस मौके पर विवि की रजिस्ट्रार प्रो. कविता चक्रवर्ती, प्रो. विमल जोशी, श्वेता हुड्डा, डा. संकेत विज, कम्पनी के चेयरमैन मनीष गुप्ता, डा. सतीश व अंकुर यादव आदि मौजूद थे।



ओएमयू पर हस्ताक्षर करते कुलपति प्रो. आशा कादयान और ज्वाइंट सेक्रेटरी एसके नागर।

सोनीपत अमर उजाला मंगलवार | 16 फरवरी 2016 IV

# महिला विवि की छात्राओं को मिलेगा 14 कैरेट का गोल्ड मेडल

## इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया के साथ हुआ एमओयू

अमर उजाला ब्यूरो

गोहाना। खानपुर कलां स्थित भक्त फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में सोमवार को इंस्टीटयूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया के साथ एमओयू साइन किया गया। इसके तहत संस्थान द्वारा वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान पर रहने वाली छात्राओं को दीक्षांत समारोह में 14 कैरेट के गोल्ड मेडल के साथ एक प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा। इसके साथ ही विवि देश का पहला उच्च शिक्षण संस्थान हो गया, जहां छात्राओं को संस्थान द्वारा गोल्ड मेडल दिया जाएगा। वहीं पहले तीन स्थानों पर रहने वाली छात्राओं को इंस्टीटयूट आफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया निशुल्क प्रशिक्षण देगी।



एमओयू के बाद उपस्थित वीसी और अन्य पदाधिकारी

इस दौरान कुलपति प्रो. आशा कादियान ने कहा कि संस्थान ने विवि को देश में सबसे पहले चुनकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। वहीं इंस्टीटयूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया के ज्वाइंट सेक्रेटरी एसके नागर ने बताया कि उनकी संस्था गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने वाले लगभग 50 विश्वविद्यालयों के साथ यह करार करेगी। महिला विवि महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए उनकी संस्था द्वारा सबसे पहले इस विवि को चुना गया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार प्रो. कविता चक्रवर्ती, प्रो. विमल जोशी, श्वेता हुड्डा, डॉ. संकेत विज, मनीष गुप्ता, डॉ. सतीश और अंकुर यादव आदि उपस्थित रहे।

हरिभूमि 17.2.2016

# एमओयू पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली। आईसीएस आई और भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के बीच मनीष गुप्ता अध्यक्ष आईएसीएसआई नार्दन इंडिया रीजनल काउंसिल, सतीश कुमार अध्यक्ष सोनीपत चैप्टर ऑफ आईसीएसआई और प्रो. कविता चौधरी रजिस्ट्रारबीपीएस एमबी, प्रो. विमल जोशी डीन फैक्लटी ऑफ लॉ बीपीएसएमवी, प्रो साकेत विज तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

सच्चा हमसफर

# दैनिक नवज्योति

जोधपुर, मंगलवार, 17 अप्रैल 2018

2

जोधपुर, मंगलवार, 17. 04. 2018

## सीएस इंस्टीट्यूट जेएनवीयू टॉपर को गोल्ड मैडल देगा

**नवज्योति/जोधपुर।** भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान द्वारा जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के बीकॉम पास कोर्स टॉपर को गोल्ड मैडल प्रदान किया जाएगा। इस आशय का अनुबंध आज दोनों संस्थानों के मध्य किया गया। भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान की जोधपुर शाखा के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा तथा वणिज्य संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर जसराज बोहरा ने सिग्नेचर अवार्ड के नाम से दिए जाने वाले गोल्ड मैडल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। शाखा के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय के बीकॉम टॉपर को संस्थान द्वारा एक गोल्ड मैडल दीक्षांत समारोह में दिया जाएगा तथा उस छात्र के सी एस कोर्स करने पर उस वर्ष की रजिस्ट्रेशन फीस माफ की जाएगी।

# पत्रिका SUNCITY

Jodhpur . Tuesday . 17/04/2018

## आईसीएसआई देगा जेएनवीयू टॉपर को गोल्ड मैडल

**जोधपुर.** भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) की ओर से जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के बीकॉम टॉपर को गोल्ड मैडल प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में सोमवार को आईसीएसआई और विवि के मध्य करार किया गया। आईसीएसआई अध्यक्ष प्रवीण शर्मा और वणिज्य संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर जसराज बोहरा ने आईसीएसआई सिग्नेचर अवार्ड के नाम से दिए जाने वाले गोल्ड मैडल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय के बीकॉम टॉपर को संस्थान की ओर से एक गोल्ड मैडल दीक्षांत समारोह में दिया जाएगा। उस छात्र के सीएस कोर्स करने पर उस वर्ष की रजिस्ट्रेशन फीस माफ की जाएगी।

# ICSI introduces "Signature Award" for toppers in B.Com examination

DEHRADUN, JUNE 14 (HTNS)

The Institute of Company Secretaries of India (ICSI) recently introduced the 'ICSI Signature Award Scheme', under which, a gold medal by the name of "ICSI Signature Award" will be awarded to the topper in the B.Com examination in Commerce conducted by the Central and State universities and to the topper of PGDM of IIM and special paper of IITs in India.

Under the scheme of "ICSI Signature Award", an MoU has been signed between the ICSI and Sri Dev Suman Uttarakhand University today.

Dr Dinesh Chandra, Registrar, Sri Dev Suman Uttarakhand University and Ankur Yadav, Joint Secretary SG, ICSI signed the MoU in the presence of senior officials of Sri Dev Suman Uttarakhand University and Institute of Company Secretaries of India (ICSI).

Sri Dev Suman Uttarakhand University established as a state university of Uttarakhand and nestled in the lap of Himalayan ranges in Tehri Garhwal, has jurisdiction over seven districts viz. Chamoli, Rudraprayag, Pauri, Tehri, Uttarkashi, Haridwar and Dehradun of Garhwal region of Uttarakhand.

CS (Dr) Siyaram Agrawal, President, ICSI, in his message on the occasion, stated that the MoU will help the cause of youth empowerment and it is a proud moment that ICSI has signed an MoU with the esteemed university like Sri Dev Suman Uttarakhand University for the 'ICSI Signature Award', as it will empower and encourage young professionals to



play important role in the decision making process at the highest level.

Dr Dinesh Chandra, Registrar, Sri Dev Suman Uttarakhand University, stated that the ultimate objective of higher education is to meet the societal aspirations. It is necessary to ensure that the knowledge imparted in educational institutions is converted to employment.

Establishment of the ICSI Signature Award is an excellent step towards this direction. It provides a platform to imbibe professionalism among the practitioners of Company Secretary and to recognize the talented students in the field of commerce. I am sure, with this ICSI Signature Award, Sri Dev Suman Uttarakhand University and The Institute of Company Secretaries of India would evolve a better and significant synergy in boosting academic and professional education in this field in times to come, he said.

The ICSI Signature Award (gold medal) will be awarded to the topper in the University/IIM/IIT examination. The Signature Award along with a certificate will be distributed annually in the Convocation of the University/Institution or in a joint seminar with the ICSI.

The top three students of the Universities / Institute and qualifications as covered under this scheme will be eligible for full waiver of registration fee for CS Executive programme.

हलचल

# कॉमर्स के टॉपरों को मिलेगा गोल्ड मेडल

देहरादून। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान ने श्री देव सुमन विश्वविद्यालय के साथ कामर्स के टॉपरों को गोल्ड मेडल दिए जाने का करार किया है। अगले सत्र से संस्थान ऐसे मेधावी छात्रों को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान करेगा। इसके अलावा संस्थान में प्रवेश लेने वाले छात्रों को शुल्क में छूट दी जाएगी। शुक्रवार को आईसीएसआई संस्थान ने श्रीदेव सुमन विवि के कुलपति प्रो. यूएस रावत एवं अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में दून में यह करार किया है। मौके पर फाइनेंस अफसर स्मृति खंडूरी, डॉ दिनेश चंद्रा , प्रो विजय जुयाल, डा.हेमंत बिष्ट, राकेश गोयल , अंकुर यादव, प्रीती कौशिक बनर्जी मौजूद रहे।

## सुविधा...

# हेल्पलाइन और हेल्प डेस्क की शुरुआत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

**बीकानेर.** महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय की ओर से छात्र हितों एवं छात्रों की सुविधाओं के लिए बुधवार को हेल्प लाइन एवं हेल्प डेस्क शुरू की गई। कुलपति प्रो. भागीरथ सिंह ने इसका उद्घाटन कर शुभारम्भ किया हैं। विश्वविद्यालय कुलसचिव मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि उक्त हेल्प लाइन का नम्बर 0151-2220044 है जो सुबह 10 से 5 बजे तक संचालित रहेगा। विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क परीक्षा भवन में स्थापित किया गया है। उक्त हेल्प डेस्क पर आने वाले विद्यार्थियों एवं परिजनों को उनके कार्य के अनुसार मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर हेल्प डेस्क ऑप्शन अपलोड कर विश्वविद्यालय अधिकारियों एवं सम्बन्धित अनुभाग अधिकारियों मोबाइल एवं टेलीफ ोन नम्बर प्रदर्शित किए गए है। जिन पर भी छात्र एवं सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालय सम्बन्धित अधिकारी/अनुभाग से समस्या का हल कर सकते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय अधिष्ठाता प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल, डॉ. बेला भनोत, डॉ. विभा शर्मा, वित्त नियंत्रक भंवर सिंह चारण, परीक्षा नियंत्रक डॉ. जे.एस.खीचड़, सहायक निदेशक, कॉलेज शिक्षा डॉ. दिग्विजय सिंह, उप कुलसचिव डॉ. बिट्ठल बिस्सा सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित थे।



विश्वविद्यालय एवं आईसीएसआई कंपनी के प्रतिनिधि समझौता करते हुए।

## 'कॉमर्स शिक्षा को बढ़ावा'

वाणिज्य संकाय में छात्रों के रूझान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय एवं भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान (आई.सी.एस.आई.) की ओर से बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में आई.सी.एस.आई. हस्ताक्षर पुरस्कार योजना के तहत कम्पनी सचिव संस्थान की ओर से राकेश गोयल, राजेश कुमार शर्मा एवं विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. भगीरथ सिंह एवं कुलसचिव मनोज कुमार शर्मा ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस योजना के अन्तर्गत विवि से बी.कॉम परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले को छात्र को ''स्वर्ण पदक'' प्रदान किया जाएगा। साथ ही मेरिट सूची में शीर्ष तीन छात्रों को सी एस. एक्जिक्यूटिव चरण के लिए पंजीकरण शुल्क में छूट प्रदान की जाएगी।